# मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी की अध्यक्षता में राज्य उच्च शिक्षा परिषद् की प्रथम बैठक का कार्यवृत्त

मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 28 मई 2014 को उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून में राज्य उच्च शिक्षा की प्रथम बैठक आयोजित की गयी। बैठक की उपस्थिति संलग्नक–1 में अवलोकनीय है। सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन द्वारा बैठक में मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी तथा समस्त उपस्थित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त अपर सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन द्वारा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने के साथ–साथ प्रदेश में अभियान के अन्तर्गत सम्पादित कार्यो के विषय में विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गयें :–

**मद संख्या (1)** **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार को प्रेषित की जाने वाली राज्य योजना के लिए प्रस्तावों का अनुमोदन :**

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के 6 राज्य विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा व प्राविधिक शिक्षा निदेशालय द्वारा संलग्न सूची–2 के अनुसार वर्ष 2014–15 से 2016–17 के लिए उपलब्ध कराये गये रु0 617 करोड़ के प्रस्तावों पर परिषद् द्वारा इस प्रतिबंध के साथ सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई कि प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं निदेशालय के प्रस्तावों का मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों एवं प्रारुपों के अनुसार पुनः एक बार गहन परीक्षण कर लिया जाय।

**मद संख्या (2)** **राज्य उच्च शिक्षा परिषद् को सोसाइटी के रुप में पंजीकृत करना :**

भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार राज्य में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के सर्वोच्च निकाय के रुप में राज्य उच्च शिक्षा परिषद् का गठन किया गया है। 'रुसा' परियोजना में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को अनुदान की स्वीकृति तथा अन्य दिशा–निर्देश, उच्च शिक्षा परिषद् की संस्तुति के आधार पर प्रदान किये जाने हैं। अतः परिषद् को सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम के अन्तर्गत निकाय के रुप में पंजीकृत किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। उच्च शिक्षा परिषद् की प्रस्तावित सामान्य सभा (General Body) तथा कार्यकारिणी समिति (Executive Committee) के स्वरुप पर क्रमशः संलग्नक–3 एवं 4 के अनुसार सहमति प्रदान की गयी।

**मद संख्या (3)** **परियोजना निदेशालय का गठन :**

'रुसा' में राज्य उच्च शिक्षा परिषद् की संस्तुतियों व निर्देशों इत्यादि को कार्यरुप देने का उत्तरदायित्व परियोजना निदेशालय का है। सचिव, उच्च शिक्षा तथा अपर सचिव, उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड शासन को निदेशालय का क्रमशः परियोजना निदेशक तथा अपर परियोजना निदेशक नामित किया जा चुका है। परियोजना निदेशालय के प्रस्तावित ढांचे पर संलग्नक–5 के अनुसार सहमति प्रदान करते हुए पदों के सृजन के प्रस्ताव पर अनुमोदन

प्रदान किया गया। शासन द्वारा परियोजना निदेशालय के लिए पद सृजन के प्रस्ताव पर अनुमोदन की प्रत्याशा में कार्यालय के कार्यो के लिए एक प्रशासनिक अधिकारी कम लेखाकार, दो कम्प्यूटर आपरेटर तथा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बाह्य स्त्रोत के माध्यम से नियुक्त करने के प्रस्ताव पर भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या (4) **परियोजना निदेशालय के कार्यालय की स्थापना :**

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सम्पादित किये जाने वाले कार्यो के लिए परियोजना निदेशालय का कार्यालय अस्थायी रुप से दून विश्वविद्यालय, देहरादून में स्थापित करने के लिए परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मद संख्या (5) **वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन :**

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के निर्णयों के कियान्वयन का उत्तदायित्व परियोजना निदेशालय का है। परियोजना निदेशालय में वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन के सम्बन्ध में राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अनुमोदनोपरान्त वित्त विभाग की सहमति से सम्पूर्ण वित्तीय स्वीकृति के अधिकार परियोजना निदेशक को प्रतिनिधानित किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या (6) **'रुसा' के अन्तर्गत सम्पादित कार्यो एवं व्ययों की कार्योत्तर स्वीकृति :**

मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सम्पादित किये गये कार्यो (संलग्नक–6) तथा इन कार्यो के लिए भारत सरकार, शासन तथा उच्च शिक्षा निदेशालय के आदेशों के अनुपालनार्थ की गई यात्राओं, बैठकों तथा अन्य कार्यो पर किये गये व्ययों पर परिषद् द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी। रुसा की राज्य स्तरीय योजना को तैयार करने के लिए राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा नामित एजेन्सी (टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल सांइस, मुम्बई) के दो विशेषज्ञों की सेवाओं के लिए भुगतान करने के प्रस्ताव पर भी परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या (7) **सभापति की अनुमति से अन्य बिन्दु :**

परिषद् की बैठक में मा0 सभापति की अनुमति से निम्नलिखित निर्णय भी लिये गये :–

(i) राज्य उच्च शिक्षा परिषद् की बैठक के लिए 13 सदस्यों की गणपूर्ति (Quorum) निर्धारित की जाय।

(ii) राज्य उच्च शिक्षा परिषद् की कार्यकारिणी समिति में दो विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का नामांकन सम्बन्धित विश्वविद्यालय के नाम की अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार किया जाय।

(iii) रुसा के अर्न्तगत आय–व्यय को आनलाइन करने तथा प्रस्तावों की पुर्नरावृति की रोकथाम के लिए वांछित कार्यवाही की जाय।

(iv) भारत सरकार से उत्तराखण्ड में सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के लिए भी राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान में केन्द्रांश व राज्यांश का अनुपात 90:10 करने का अनुरोध किया जाय।

(v) राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान, के अर्न्तगत विशेषज्ञों की सेवाऐं प्राप्त करने के लिए उनकी योग्यताओं के साथ–साथ अनुभव को भी ध्यान में रखा जाय।

बैठक के अंत में मा0 उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा प्रदेश में रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा बेरोजगारी के रोकथाम के लिए उच्च शिक्षा तथा उद्योग के साथ सहभागिता की संभावनाओं को अभिज्ञापित कर इस सम्बन्ध में सार्थक प्रयास करने हेतु राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान में कार्यवाही करने तथा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् में उद्योग के प्रतिनिधियों को सहयोजित करने के निर्देश दिये गये।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन द्वारा बैठक समाप्त हुई।

डॉ0 (उमाकांत पवॉर)
सचिव, उच्च शिक्षा एवं
परियोजना निदेशक, 'रुसा'

पृष्ठांकन संख्या : 107 (21) / रुसा / 2014–15 दिनांक 01 जुलाई 2014
प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री / सभापति उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा परिषद्।
2. निजी सचिव, सचिव, उच्चतर शिक्षा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन / उपसभापति उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा परिषद्।
4. निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन / परियोजना निदेशक, रुसा, उत्तराखण्ड।
5. निजी सचिव, अपर सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन / अपर परियोजना निदेशक, रुसा, उत्तराखण्ड।
6. समस्त सदस्य, उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा परिषद्।
7. नोडल अधिकारी, 'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान', उत्तराखण्ड।

(राधिका झा)
अपर सचिव, उच्च शिक्षा एवं
अपर परियोजना निदेशक, 'रुसा'

संलग्नक–1

**डॉ0 इन्दिरा हृदेश, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में राज्य उच्च शिक्षा परिषद् की दिनांक 28 मई 2014 को आयोजित प्रथम बैठक की उपस्थिति**

| क्रम सं0 | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री उमाकान्त पंवार | सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन एवं परियोजना निदेशक, 'रुसा' |
| 2 | श्रीमती राधिका झा | अपर सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन एवं अपर परियोजना निदेशक, 'रुसा' |
| 3 | डॉ0 हरीश चन्द्र पोखरियाल | कार्यकारी निदेशक, स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली, दिल्ली (सदस्य, रा0उ0शि0प0) |
| 4 | प्रो0 सुरेन्द्र पी. सिंह | चेयर ऑफ एक्सीलेंस इन बायोडाईवर्सिटी एण्ड इकोलोजी, एफ.आर.आई, देहरादून (सदस्य, रा0उ0शि0प0) |
| 5 | प्रो0 एम.एस.एम. रावत | कुलपति, हे0न0ब0ग0 वि0वि0, श्रीनगर (सदस्य, रा0उ0शि0प0) |
| 6 | प्रो0 उमा तिवारी पालनी | पूर्व प्रोफेसर एण्ड हेड, डिपार्टमेंट ऑफ बॉटनी, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल |
| 7 | डॉ0 जी0पी0 जुयाल | हेड (डिवीजन ऑफ हाइड्रोलोजी एण्ड इन्जी.) सी.एस.डब्लू.सी. आर.टी.आई., देहरादून (सदस्य, रा0उ0शि0प0) |
| 8 | प्रो0 शिवराज सिंह | डिपार्टमेंट ऑफ फार्म इन्जी. बी0एच0यू0, वाराणसी(सदस्य, रा0उ0शि0प0) |
| 9 | डॉ0 विनय पाठक | कुलपति, वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा, कोटा, राजस्थान (सदस्य, रा0उ0शि0प0) |
| 10 | श्री राकेश ओबराय | पूर्व अध्यक्ष, सी.आई.आई. उत्तराखण्ड स्टेट काउॅसिल, देहरादून (सदस्य, रा0उ0शि0प0) |
| 11 | प्रो0 वी0के0 जैन | कुलपति, दून विश्वविद्यालय, देहरादून (पदेन सदस्य रा0उ0शि0प0) |
| 12 | प्रो0 एच0एस0 धामी | कुलपति, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (पदेन सदस्य, रा0उ0शि0प0) |
| 13 | डॉ0 मुकुल पंत | निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड, (सदस्य सचिव रा0उ0शि0प0) |
| 14 | डॉ0 देवेन्द्र भसीन | प्राचार्य, डी0ए0वी0 (पी.जी) कालेज, देहरादून (सदस्य, रा0उ0शि0प0) |
| 15 | प्रो0 दुर्गेश पंत | परिसर निदेशक, उ0 मुक्त विश्वविद्यालय, देहरादून (सदस्य, रा0उ0शि0प0) |

आमंत्रित अतिथि

| | | |
|---|---|---|
| 16 | प्रो0 सुभाष धूलिया | कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) |
| 17 | डॉ0 यू0एस0 रावत | कुलपति, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, टिहरी |
| 18 | प्रो0 महावीर प्रसाद | कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार |
| 19 | श्रीमती गंगोत्री त्रिपाठी | संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड हल्द्वानी |
| 20 | डॉ0 एस0के0 गोयल | निदेशक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून |
| 21 | श्री आर0एस0 उनियाल | प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून |
| 22 | श्री एम0के0 कन्याल | प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून |

संलग्नक–2

**Summary of Proposals and budget under RUSA**

**(1) Kumaun University, Nainital**

| S.N | Component no. and proposals | Maximum Budget limit | Proposed Budget |
|---|---|---|---|
| 1 | **(3)** Infrastructure Grants to Universities | Rs. 20 Crore | Rs. 13.30 Crore |
| 2 | **(8)** Research Innovation and Quality Improvement | Rs. 120 Crore | Rs. 54.69 Crore |
| 3 | **(10)** Faculty Recruitment Support | 5.8 lakh per faculty per year | Rs. 5.22 Crore |
| 4 | **(11)** Faculty Improvement | Rs. 10 Crore | Rs. 9.80 Crore |
| 5 | **(12)** Vocationalisation of Higher Education | Rs. 15 Crore | Rs. 3.06 Crore |
| | **Total** | | Rs.86.07 Crore |

**(2) Doon University, Dehradun**

| S.N | Component no. and proposals | Maximum Budget limit | Proposed Budget |
|---|---|---|---|
| 1 | (3) Infrastructure Grants to Universities | Rs. 20 Crore | Rs. 20 Crore |
| 2 | (10) Faculty Recruitment Support | Rs. 5.8 lakh per faculty per year | Rs. 1.50 Crore |
| 3 | (8) Research Innovation and Quality Improvement | Rs. 120 Crore | Rs. 47.82 Crore |
| 4 | (9) Equity Initiative | Rs. 5 Crore | Rs. 0.99 Crore |
| | **Total** | | Rs.70.40 Crore |

**(3) Uttarakhand Open University, Haldwani (Nainital)**

| S.N | Component no. and proposals | Maximum Budget limit | Proposed Budget |
|---|---|---|---|
| 1 | (3) Infrastructure Grants to Universities | Rs. 20 Crore | Rs. 18.00 Crore |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | (8)<br>Research, Innovation & Quality Improvement<br>(Establishment of 'Centre for Dissemination of Education through Technology {Leveraging Edusat}') | Rs. 120 Crore | Rs. 4.12 Crore |
| | Research, Innovation & Quality Improvement<br>(Centre for Himalayan Studies & Heritage Conservation) | Rs. 120 Crore | Rs. 4.73 Crore |
| 3 | (9)<br>Equity Initiative | Rs. 5 Crore | Rs. 0.45 Crore |
| 4 | (10)<br>Faculty Recruitment Support | Rs. 5.8 lakh per faculty per year | Rs. 6.96 Crore |
| | **Total** | | Rs.34.26 Crore |

**(4) Uttarakhand Technical University, Dehradun**

| S.N | Component no. and proposals | Maximum Budget limit | Proposed Budget |
|---|---|---|---|
| 1 | (6)<br>Establishment of new Technical Institution (Govt Polytechnic Tanakpur) | Rs. 26 Crore | Rs. 25.44 Crore |
| 2 | (6)<br>Establishment of new Technical Institution(Govt Polytechnic Uttarkashi) | Rs. 26 Crore | Rs. 25.44 Crore |
| | **Total** | | Rs.50.88 Crore |

**(5) Shridev Suman Uttarakhand University, Tehri**

| S.N | Component no. and proposals | Maximum Budget limit | Proposed Budget |
|---|---|---|---|
| 1 | (3)<br>Infrastructure Grants to University | Rs. 20 Crore | Rs.19.43 Crore |
| 2 | (7)<br>Infrastructure Grants to Colleges | Rs. 2 Crore per college | Rs.1.99 Crore |
| 3 | (10)<br>Faculty Recruitment Support | Rs. 5.8 lakh per faculty per year | Rs.11.44 Crore |
| | **Total** | | Rs. 32.86 Crore |

(6) **Uttarakhand Sanskrit University, Haridwar**

| S.N | Component no. and proposals | Maximum Budget limit | Proposed Budget |
|---|---|---|---|
| 1 | (3) Infrastructure Grants to University | Rs. 20 Crore | Rs.18.25 Crore |
| | **Total** | | Rs.18.25 Crore |

## Proposals of Directorate of Technical Education

| S.N | Component no. and proposals | Maximum Budget limit | Proposed Budget |
|---|---|---|---|
| 1 | (12) Vocationalisation of Higher Education | Rs. 15 Crore (Rs. 5 lakh per college) | For 8 polytechnic @ Rs. 5 lakh each = Rs. 0.40 Crore |
| 2 | (17) (a) Upgradation of Existing Polytechnic | Rs. 2 Crore per polytechnic | For 14 polytechnic @ Rs. 2 Crore each = Rs. 28 Crore |
| | (b) Construction of Women Hostel | Rs. 1 Crore per polytechnic | For 6 polytechnic @ Rs. 1 Crore each = Rs. 6 Crore |
| | (c) Scheme of Community Development through Polytechnic | Rs. 0.37 Crore | For 11 polytechnic @ Rs. 0.37 Crore per polytechnic = Rs. 4.07 Crore |
| | **Total** | | Rs. 38.47 Crore |

# Proposals of Directorate of Higher Education

| S.N | Component no. and proposals | Maximum Budget limit | Proposed Budget |
|---|---|---|---|
| 1 | (4)<br>New Model Colleges | Rs. 12 Crore per College | For 3 colleges = Rs. 30.52 Crore |
| 2 | (5)<br>Upgradation of existing Degree Colleges to Model Degree Colleges | 4 x 5 = Rs. 20 Crore | For 5 colleges = Rs. 16.35 Crore |
| 3 | (7)<br>Infrastructure Grants to Colleges | Rs. 2 Crore per College | For 80 govt. colleges = Rs. 160 Crore |
| 4 | (8)<br>Research Innovation and Quality Improvement | Rs. 120 Crore | For 23 govt. colleges = Rs. 8.64 Crore |
| 5 | (9)<br>Equity Initiative | Rs. 5 Crore | For 23 govt colleges= Rs. 0.69 Crore |
| 6 | (10)<br>Faculty Recruitment Support | Rs. 5.80 lakh per faculty per year | Rs. 12 crore |
| 7 | (14)<br>Institutional Restructuring and Reforms | Rs. 20 Crore | For 85 govt/aided colleges & 6 state universities = Rs. 10.00 Crore |
| 8 | (15)<br>Capacity building & Preparation, Data Collection & planning | Rs. 10 Crore | Rs. 5.00 Crore |
| | **Total** | | Rs. 243.20 Crore |

## Other Proposals

| S.N | Component no. and proposals | Maximum Budget limit | Proposed Budget |
|---|---|---|---|
| 1 | (16)<br>Management Information System (MIS) | Rs. 10 Crore | Rs, 2.00 Crore |
| | **Total** | | Rs, 2.00 Crore |

**Proposed General Body**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Higher Education Minister, Uttarakhand | Chairman, Ex-Officio |
| (ii) | Chief Secretary, Government of Uttarakhand | Vice-Chairman, Ex-Officio |
| (iii) | Project Director (Principal Secretary/Secretary, Department of Higher Education, Government of Uttarakhand | Member Ex-Officio |
| (iv) | Ten to fifteen members, individuals representing fields of arts, science and technology, culture, civil, society and industry and vocational education and skill development | Members |
| (v) | Three Vice Chancellors of State Universities and two Principals of autonomous/affiliated colleges | Members |
| (vi) | One Nominee of the Government of India | Member |
| (vii) | Director, Higher Education, Uttarakhand | Member-Secretary, Ex-Officio |

**Proposed Executive Committee**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Chief Secretary, Government of Uttarakhand | President Ex-Officio |
| (ii) | Principal Secretary/Secretary Department of Higher Education, Government of Uttarakhand or his nominee | Member Ex-Officio |
| (iii) | Principal Secretary/Secretary Department of Finance, Government of Uttarakhand or his nominee | Member Ex-Officio |
| (iv) | Principal Secretary/Secretary Department of Technical Education, Government of Uttarakhand or his nominee | Member Ex-Officio |
| (v) | Two Vice-Chancellors of State University to be nominated by State Government. | Member Ex-Officio |
| (vi) | Additional Secretary, Department of Higher Education, Government of Uttarakhand | Member Secretary Ex-Officio |

संलग्नक–5

## 'रुसा' के राज्य परियोजना निदेशालय का प्रशासनिक ढॉचा

| पदनाम | पद स्थिति | पदों की संख्या | वेतनकम |
|---|---|---|---|
| परियोजना निदेशक | पदेन | 1 | – |
| अपर परियोजना निदेशक | पदेन | 1 | – |
| संयुक्त परियोजना निदेशक | प्रतिनियुक्ति | 1 | रु0 37400–67000 (प्राचार्य / एसोसिएट प्रोफेसर के समकक्ष) ग्रेड पे रु0 9000 या अधिक |
| सहायक परियोजना निदेशक | प्रतिनियुक्ति | 2 | रु0 37400–67000 (एसोसिएट प्रोफेसर के समकक्ष) ग्रेड पे रु0 9000 |
| वित्त नियन्त्रक | प्रतिनियुक्ति | 1 | रु0 15600–39100 ग्रेड पे रु0 7000 |
| सलाहाकार | बाह्रय स्त्रोत | 2 | रु0 50000 मासिक |
| प्रशासनिक अधिकारी | बाह्रय स्त्रोत | 1 | उपनल की दरों पर |
| लेखाकार | बाह्रय स्त्रोत | 1 | उपनल की दरों पर |
| कम्प्यूटर प्रोग्रामर | बाह्रय स्त्रोत | 1 | उपनल की दरों पर |
| कम्प्यूटर आपरेटर | बाह्रय स्त्रोत | 2 | उपनल की दरों पर |
| कनिष्ठ सहायक | बाह्रय स्त्रोत | 1 | उपनल की दरों पर |
| चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | बाह्रय स्त्रोत | 3 | उपनल की दरों पर |
| योग | | 17 | |

संलग्नक–6

## रुसा परियोजना के अर्न्तगत सम्पादित कार्यो की सूची

| कम सं0 | सम्पादित कार्य | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | सचिव, उच्च शिक्षा द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय की बैठक में सहभागिता | 19.11.2013 |
| 2 | मानव संसाधन विकास मंत्रालय को रुसा के सम्बन्ध में प्रतिबद्धता उपलब्ध करायी | 25.11.2013 |
| 3 | प्रदेश में रुसा कार्यक्रम प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में सचिव, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन | 28.11.2013 |
| 4 | तकनीकी समूह ग्रुप का अस्थायी रुप से गठन | 6.12.2013 |
| 5 | नोडल आफिसर का नामांकन | 6.12.2013 |
| 6 | विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को रुसा के दिशा–निर्देश की जानकारी | 10.12.2013 तथा 12.12.2013 |
| 7 | रुसा के राज्य परियोजना निदेशक एवं अपर परियोजना निदेशक का नामांकन | 20.12.2013 |
| 8 | मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आहूत रुसा मिशन प्राधिकरण की बैठक में सहभागिता | 8.1.2014 |
| 9 | कार्यशील दल का गठन | 10.1.2014 |
| 10 | रुसा के सम्बन्ध में प्राप्त प्रस्तावों का टी0एस0जी0 द्वारा प्रारम्भिक परीक्षण | 16.1.2014 |
| 11 | कार्यशील दल की प्रथम बैठक का आयोजन | 17.1.2014 |
| 12 | सचिव, उच्च शिक्षा द्वारा रुसा के प्रस्तावों का परीक्षण | 20.1.2014 |
| 13 | डी0सी0एफ0 में सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों को पत्र प्रेषित | 21.1.2014 |
| 14 | उच्च शिक्षा परिषद् के लिए चयन समिति का गठन | 23.1.2014 |
| 15 | उच्च शिक्षा परिषद् का कैनरा बैंक, राजपुर रोड़ में खाता खोला गया | 27.1.2014 |
| 16 | सचिव, उच्च शिक्षा के सम्मुख रु0 4 करोड़ व उससे अधिक के 11 प्रस्तवों का प्रस्तुतीकरण | 6.2.2014 तथा 7.2.2014 |
| 17 | रुसा के लिए वित्तीय वर्ष 2014–15 हेतु रु0 7 करोड़ का बजट प्राविधान | |
| 18 | उच्च शिक्षा परिषद् की चयन समिति की बैठक का आयोजन | 10.2.2014 |
| 19 | डी0सी0एफ0 प्रारुप भरने के सम्बन्ध में दून विश्वविद्यालय में टी0एस0जी0 की बैठक का आयोजन | 10.2.2014 तथा 11.2.2014 |
| 20 | राज्य उच्च शिक्षा परिषद् का विधिवत् गठन | 28.2.2014 |
| 21 | भारत सरकार द्वारा रु0 3,60 करोड़ के केन्द्रांश की अवमुक्ति | 10.3.2014 |
| 22 | मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आहूत पी.ए.बी. की बैठक में सचिव उच्च शिक्षा तथा नोडल अधिकारी की सहभागिता | 12.3.2014 |
| 23 | प्रदेश के समस्त कुलपतियों, निदेशकों, टी0एस0जी0 की बैठक का आयोजन | 25.3.2014 |
| 24 | टिस द्वारा आयोजित एम.आई.एस. प्रशिक्षण में डॉ0 दुर्गेश पंत, डॉ0 डी0सी0 गोस्वामी एवं श्री राजेन्द्र गोस्वामी द्वारा सहभागिता | 17.4.2014 |
| 25 | राज्य योजना तैयार करने के सम्बन्ध में विश्व बैंक द्वारा आहूत बैठक में डॉ0 गंगोत्री त्रिपाठी, डॉ0 ए0के0 श्रीवास्तव, डॉ0 जी0एस0 रजवार तथा डॉ0 एस0एस0 साहनी द्वारा सहभागिता | 20.4.2014 तथा 21.4.2014 |
| 26 | राजकीय व अनुदानित महाविद्यालयों के प्रस्तावों का उच्च शिक्षा निदेशालय हल्द्वानी में परीक्षण | |
| 27 | रुसा के समस्त प्रस्तावों का विशेषज्ञ दल द्वारा परीक्षण | 1.5.2014 से 3.5.2014 |
| 28 | तकनीकी सहयोग समूह (टी0एस0जी0) द्वारा रुसा के प्रस्तावों का परीक्षण | 12.5.2014 से 15.5.2014 |
| | | 27.5.2014 |